राज्य रूपंकर कला पुरस्कार घोषति

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को मध्य प्रदेश की संस्कृति विभाग की उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा वर्ष 2022-23 के लिये प्रदेश में ललति कलाओं के क्षेत्र में राज्य रूपंकर कला पुरस्कार घोषति कर दिये गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी, 2023 को खजुराहो में खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ अवसर पर राज्य रूपंकर कला पुरस्कार में 10 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।
- पुरस्कार के लिये घोषति कलाकारों को 51 हज़ार रुपए की सम्मान राशि और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पुरस्कृत और चयनित कलाकृतियों की प्रदर्शनी 20 से 26 फरवरी, 2023 तक खजुराहो नृत्य समारोह स्थल में लगेगी।
- राज्य रूपंकर कला पुरस्कारों में वर्ष 2022-23 के लिये देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार जबलपुर के अमित कुमार सिन्हा को उनकी कलाकृति 'द शाइनिंग मेकर' के लिये दिया जाएगा तथा मुकुंद सखाराम भांड पुरस्कार भोपाल की समीक्षा राठौर को 'शीर्षक विहिन' के लिये प्रदान किया जाएगा।
- वहीं राज्य रूपंकर कला पुरस्कारों में वर्ष 2022-23 के लिये सैयद हैदर रजा पुरस्कार भोपाल के पॉपलि मन्ना को 'डेप्थ ऑफ फेयरनेसन' के लिये, दत्तात्रेय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार धार के प्रेम कुमार सहि को 'अनटाईटल-1' के लिये, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार भोपाल के मान सहि व्याम को 'जिंदगी एक सफर के लिये', विष्णु चिंचालकर पुरस्कार इंदौर के उपेंद्र उपाध्याय को 'सेमल की बहार' के लिये, नारायण श्रीधर बेंद्रे पुरस्कार ग्वालियर के ओमप्रकाश माहौर को 'रंगों का बचपन' के लिये, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार भोपाल के गिरीश बा. उरकुड़े को 'अनटाईटल-2' के लिये, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार भोपाल की शिवानी दुबे को 'हिस्टोरसिटी-6' के लिये और लक्ष्मीशंकर राजपूत पुरस्कार जबलपुर की अंजलि राउत को 'प्रिंटेड क्वीन-1' के लिये प्रदान किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-rupankar-kala-award-announced